हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 3 अप्रैल 2024

06 महाप्रभु ने किसी को बनाया यजमान तो किसी...



07 चैत्र नवरात्रि उत्सव को लेकर महामाई माता...





**लोकसभा क्षेत्र**
गुना
1 भाजपा प्रत्याशी
ज्योतिरादित्य सिंधिया
2 कांग्रेस प्रत्याशी
राव यादवेंद्र सिंह यादव

**पिछली बार कौन जीता**
केपी सिंह यादव
जीत का अंतर
1 लाख 25 हजार 549

## क्या रहेंगे मुद्दे?

गुना-शिवपुरी में सभी तरह के मुद्दों का असर रहता है। जहां तक चुनावी मुद्दों का सवाल है तो गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में सभी तरह के मुद्दों का असर है। लोग राष्ट्रीय मुद्दों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लहर से प्रभावित दिखाई पड़ते हैं। ज्योतिरादित्य की हार के बाद यह क्षेत्र उपेक्षित जैसा रहा। प्रदेश की सरकार ने भी खास ध्यान नहीं दिया। इसकी वजह से लोगों में नाराजगी दिखती है। चंबल-ग्वालियर अंचल का होने से यहां जातीय राजनीति का असर है। यह चुनाव को प्रभावित करेंगे। सिंधिया परिवार ने क्षेत्र के लिए विकास के काफी काम किए हैं। इनका असर भी लोकसभा चुनाव में देखने को मिल रहा है।

### पिछला चुनाव हार चुके सिंधिया की राह इस बार भी कठिन, कांग्रेस ने क्षेत्र का यादव प्रत्याशी उतार मुश्किल में डाला

# जातीय समीकरणों में उलझा ज्योतिरादित्य-यादवेंद्र के बीच मुकाबला

*केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कारण हाई प्रोफाइल गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट में कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है। चुनाव पर इसलिए भी सबकी नजर है, क्योंकि महल घराने के सिंधिया 2019 में लगभग सवा लाख वोटों के अंतर से चुनाव हार गए थे। तब वे कांग्रेस में थे, अब भाजपा प्रत्याशी हैं। पिछली बार उन्हें उनके ही सहयोगी रहे केपी सिंह यादव ने भाजपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़कर हराया था। इस बार कांग्रेस ने क्षेत्र के ही चर्चित यादव परिवार के सदस्य राव यादवेंद्र सिंह को मैदान में उतारा है। ज्योतिरादित्य और यादवेंद्र की लड़ाई को क्षेत्र के जातीय समीकरणों ने उलझा दिया है। इससे सिंधिया की राह ज्यादा आसान नहीं है।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

दिनेश निगम 'त्यागी' ⏭ भोपाल

प्रदेश की गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट में कांग्रेस ने भाजपा के ज्योतिरादित्य सिंधिया को उनकी ही शैली में जवाब देने की कोशिश की है। 2019 के चुनाव में वे कांग्रेस से भाजपा में गए और अपने ही सहयोगी केपी सिंह यादव से चुनाव हार गए थे। इस बार सिंधिया भाजपा में हैं और पार्टी ने केपी का टिकट काटकर उन्हें ही टिकट दे दिया है। कांग्रेस ने भी नहले पर दहला जड़ते हुए क्षेत्र में भाजपा के कद्दावर नेता रहे राव देशराज सिंह यादव के बेटे राव यादवेंद्र सिंह को मैदान में उतार दिया है। क्षेत्र में यादव मतदाताओं की तादाद ज्यादा है। केपी सिंह यादव का टिकट काटे जाने के



ज्योतिरादित्य सिंधिया



राव यादवेंद्र सिंह

कारण उनमें नाराजगी भी है। क्षेत्रीय समीकरणों के कारण जाटव, गुर्जर और लोधी मतदाताओं का भी भाजपा खासकर सिंधिया से मोह भंग हुआ है। हालांकि गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में हमेशा महल घराने अर्थात सिंधिया परिवार का दबदबा रहा है। अपवाद के तौर पर पिछला चुनाव छोड़ दें तो इस परिवार का कोई सदस्य यहां से चुनाव नहीं हारा, लेकिन 2019 का चुनाव हारने के बाद सिंधिया लंबे समय तक क्षेत्र के लोगों से गुस्सा दिखाई पड़े। विधानसभा चुनाव में भी उनके समर्थक उस तादाद में नहीं जीते, इसकी वजह से काफी समय तक ये क्षेत्र उपेक्षित रहा। अब भाजपा ने अपने उस सांसद केपी सिंह यादव का टिकट काट दिया, जिसने पहली बार सिंधिया परिवार के सदस्य को हराने का कीर्तिमान रचा था। ऐसे में भले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हैं, लेकिन यादव समाज कांग्रेस के राव यादवेंद्र सिंह यादव के पाले में जा सकता है। अन्य जातियों में लोधी समाज पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की उपेक्षा के कारण नाराज तो है ही, इनका यादव समाज के साथ अघोषित समझौता जैसा हुआ है। पिछोर में यादव समाज ने प्रीतम लोधी को वोट देकर जिताया है, अब लोकसभा चुनाव में लोधी समाज की अहसान चुकाने की बारी है। गुर्जर और जाटव समाज अब एकतरफा नहीं, बंटा नजर आ रहा है।

### विधानसभा सीटों के लिहाज से भाजपा भारी

गुना लोकसभा सीट के तहत तीन जिलों गुना, अशोक नगर और शिवपुरी की विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें गुना जिले की बमोरी, गुना, शिवपुरी जिले की पिछोर, कोलारस, शिवपुरी और अशोक नगर जिले की मुंगावली, चंदेरी और अशोक नगर विधानसभा सीटें शामिल हैं। विधानसभा चुनाव नतीजों की दृष्टि से पूरे लोकसभा क्षेत्र में भाजपा भारी दिखती है। भाजपा के पास 6 सीटें हैं तो कांग्रेस के पास सिर्फ दो। भाजपा ने 6 सीटें कुल 2 लाख 9 हजार 529 वोटों के अंतर से जीती हैं, जबकि कांग्रेस की जीत का अंतर महज 23 हजार 169 रहा है। इस तरह भाजपा 1 लाख 86 हजार 360 वोटों की बढ़त पर है। कांग्रेस ने 2018 के विधानसभा चुनाव में बढ़त ली थी, लेकिन लोकसभा में ज्योतिरादित्य चुनाव हार गए थे, इसलिए मतदाताओं के मूड को पढ़ना आसान नहीं है।

### तीन जिलों को मिला कर बनी गुना लोकसभा सीट

गुना लोकसभा सीट का भौगोलिक क्षेत्र तीन जिलों में फैला है। इसके तहत आने वाली 8 विधानसभा सीटें तीन जिलों गुना, अशोक नगर और शिवपुरी के अंतर्गत आती हैं। इस सीट के राजनीतिक मिजाज की बात करें तो यहां सिंधिया परिवार का ही दबदबा रहा है। 1998 तक इस सीट से राजमाता विजयाराजे सिंधिया भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ती और जीतती रहीं। इसके बाद उनके बेटे माधवराव सिंधिया ग्वालियर छोड़कर गुना से चुनाव लड़ने आ गए तो यह सीट कांग्रेसी हो गई। 1998 का लोकसभा चुनाव यहां से माधवराव सिंधिया जीते। इसके बाद उनका निधन हो गया तो उनकी राजनीतिक विरासत ज्योतिरादित्य ने संभाली। कांग्रेस के टिकट पर उन्होंने 2004, 2009 और 2014 का लोकसभा चुनाव लड़ा और जीता।

### यादव, जाटव, गुर्जर लोधी समाज निर्णायक

गुना लोकसभा क्षेत्र में चार जातियों यादव, लोधी, जाटव और गुर्जर समाज का दबदबा है। क्षेत्र में जाटव समाज के मतदाता लगभग तीन लाख और यादव समाज ढाई लाख के आसपास बताया जाता है। इसके बाद लोधी और गुर्जर मतदाताओं की तादाद है। ये भी लगभग डेढ़-डेढ़ लाख है। 2019 के लोकसभा चुनाव में इन सभी जातियों के मतदाता एकजुट हो गए थे। इसकी वजह से ज्योतिरादत्य सिंधिया 1 लाख 25 हजार 549 वोटों के अंतर से चुनाव हार गए थे। इस बार भी ये मतदाता किसी का भी खेल बिगाड़ने का माद्दा रखते हैं। यादवों की ज्यादा तादाद में कांग्रेस के पक्ष में जाना तय है, जबकि गुर्जर और जाटव मतदाता का ज्यादा हिस्सा भाजपा के पक्ष में जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### ललित कला न्यास का समारोह 6 मार्च को होगा

**विदिशा।** पंडित गंगा प्रसाद पाठक ललित कला न्यास का 48 वां स्मरण समारोह 6 मार्च शनिवार को शाम 7 बजे से विनायक वैक्युट हॉल में आयोजित किया जाएगा। प्रथम सत्र में आमिर अजहर द्वारा गजल पाठ किया जाएगा। वहीं कवियत्री सविता भार्गव और नेहल शाह काव्य पाठ करेंगी। संचालन वनीता बाजपेयी व सुदिन श्रीवास्तव द्वारा किया जाएगा। वहीं दूसरे सत्र में आशीष पाठक द्वारा लिखित नाटक पापकार्न में बालेंद्र सिंह द्वारा अभिनय किया जाएगा।

### साइबर क्राइम से बचने के दिए सुझाव

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज में पुलिस का जनता के प्रति व्यवहार व सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने साइबर क्राइम से बचने के सुझाव दिए। वहीं लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान करने की शपथ दिलाई गई। साइबर सेल के अधिकारी द्वारा जागरूकता के लिए समझाइए दी गई। जिसमे डीएसपी ज्योति शर्मा, महिला थाना प्रभारी उर्मिला यादव, एएसपी प्रशांत चौबे, जनभागीदारी की अध्यक्ष सुमन सोनी, कॉलेज प्रिंसिपल नीता पांडे मौजूद रहीं।

### माधवगंज के राधा कृष्ण मंदिर से मनाया जाएगा गणगौर पर्व

**विदिशा।** परशुराम महिला महिला मंडल द्वारा विगत 8 वर्षों से गणगौर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस बार माधवगंज स्थित राधा कृष्ण मंदिर पर गणगौर पर्व आयोजित किया जाएगा। जिसकी रूपरेखा को लेकर बुधवार को बैठक आयोजित की गई। 10 अप्रैल हल्दी मेंहदी, 11 अप्रैल को महिला संगीत होगा, 12 अप्रैल को शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक में सुषमा पाठक, पलक शर्मा, दीपिका शर्मा, श्रुति तिवारी, अंजना चतुर्वेदी, ज्योति शर्मा, रमा मिश्रा, कल्पना शर्मा, राखी अवस्थी मौजू रहीं।

### मतदान केंद्र पर गर्मी से बचाव के दिए निर्देश

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र जारी कर गर्मी से बचाव के संबंध में मतदान केन्द्रों पर व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं। चुनाव के दौरान अत्यधिक गर्मी पड़ने की संभावना होने से राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन द्वारा गर्मी से बचाव हेतु एडवायजरी जारी की गई है।

### चुनाव: सुबह से लेकर देर रात तक बैठकों का दौर हुआ शुरू

# उम्मीदवारों का प्रचार शुरु हुए एक सप्ताह बीता

## फायदा: खर्चा चुनावी व्यय में शामिल नहीं होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

राजनैतिक पार्टियों की सूची आते ही उम्मीदवारों का जमीनी स्तर पर प्रचार शुरु हो चुका है। उम्मीदवारों को फायदा यह है कि निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पहले तक प्रचार का खर्च उनके चुनावी व्यय में शामिल नहीं हो रहा है।

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव में एक उम्मीदवार के लिए व्यय की सीमा 90 लाख रुपए तय की है। इससे अधिक खर्च किये जाने पर निर्वाचन रद्द तक हो सकता है। चुनाव की अधिसूचना जारी होने के पहले तक प्रचार और जनसंपर्क पर किये जाने वाले खर्च को पार्टियों के चुनावी खर्चे में जोड़ा जाना तय किया गया है। चुनाव चिन्ह मिलने के पहले भी

### वैसे प्रतीक चिन्ह आवंटन के बाद ही प्रारंभ किया जाता है प्रचार

आमतौर पर चुनाव का प्रचार उम्मीदवारों के द्वारा प्रतीक चिन्ह आवंटन के बाद ही प्रारंभ किया जाता रहा है। खासकर निर्दलीय उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह मिलने तक प्रचार का इंतजार करना ही होगा। लेकिन पंजीकृत पार्टियों के उम्मीदवार पार्टी से टिकिट फायनल होते ही चुनाव चिन्ह के साथ प्रचार में जुट चुके हैं। कार्यकर्ताओं को चार्ज करने अलग-अलग तरह से बैठकें और बंद कमरों में सभाएं हो रहीं हैं। धुआंधार प्रचार शुरू हो चुका है।

उम्मीदवार के द्वारा खर्च किया जा रहा है तब भी उसे शामिल नहीं किया जाएगा। इसके चलते उम्मीदवारों को खुली छूट मिल गई है और वे जमकर खर्च कर रहे हैं। जैसे कि बिना अनुमति प्राप्त वाहन प्रचार करने सड़कों पर उतर गए हैं। इन वाहनों पर माइक, साउंड, डीजे घनघौर बज रहे हैं।

बैनर, पोस्टर, स्टीकर सहित चुनावी अपील वितरित की जा रही है। उम्मीदवारों के द्वारा सुबह से लेकर देर रात तक बैठकों का दौर जारी है। जहां शानदार भोजन से लेकर महंगे झंडे, गमछे बांटे जा रहे हैं। जनसंपर्क भी धुआंधार तरीके से किया जा रहा है। चुनाव आयोग इसको लेकर हमेशा सख्त रहा है कि चुनाव में खर्च कम से कम हो और मतदाता को प्रभावित करने के लिए धनबल का दुरुपयोग न हो सके। इसको लेकर चुनाव आयोग ने अलग-अलग स्तर पर मानिटरिंग करने की तैयारी कर रखी है और प्रशासनिक अमला मुस्तैद हो चुका है।

**अभी व्यय में शामिल नहीं किया जाएगा खर्च**

अधिसूचना जारी होने के पहले प्रचार पर होने वाले खर्च को राजनैतिक पार्टियों के व्यय में शामिल किया जाएगा। अधिसूचना जारी होने के बाद प्रचार पर प्रत्याशी जो खर्च करेगा उसे ही उसकी व्यय सीमा में शामिल किया जाएगा।
-बुद्धेश कुमार वैद्य, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी

### बेतवा उद्यान में चोरी करने वाली दो महिलाएं गिरफ्तार

**विदिशा।** बेतवा उद्यान जतरापुरा से ताला तोड़कर चोरी करने वालीं दो महिलाओं को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सुनीति बाई नाथ पत्नी मोहन नाथ उम्र 45 साल निवासी जतरापुरा टपरिया और जुल्का बाई नाथ पत्नी नितेश नाथ उम्र 20 साल निवासी जतरापुरा टपरिया ने मौका पाकर चोरी की इस वारदात को अंजाम दिया था। दोनों के पास से पुलिस ने एक बड़ी परात, एक लोहे की कढ़ाई, स्टील की पांच छोटी बड़ी थाली, दो स्टील के गिलास, एक टाइपराइटर, एक स्टैंसिल मशीन, दो स्टील की बड़ी परात जब्त की हैं। फरियादी शिवचरण सेन निवासी कृष्णधाम कॉलोनी ने कोतवाली थाने में बेतवा उद्यान में चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस संदेह के आधार पर दोनों महिलाओं तक पहुंचे और पूछताछ की तो उन्होंने चोरी करना कबूल किया। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# पांच दिन बाद खुली कृषि मंडी 1200 से ज्यादा किसान पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

5 दिन बाद कृषि उपज मंडी में बुधवार से फिर से नीलामी शुरू हुई। 1200 से अधिक किसान 43 हजार किंव्टल से अधिक उपज लेकर पहुंचे।

सैकड़ों किसान एक दिन पहले से ही मंडी के बाहर ट्रैक्टर ट्राली लेकर खड़े थे। बुधवार को डेढ़ हजार किंव्टल से अधिक शरबति खरीदी गई। 24 हजार किंव्टल से अधिक 1544-गेंहू और 8 हजार किंव्टल से अधिक चना खरीदा गया। सबसे ज्यादा परेशानी अव्यवस्थित खड़ी ट्रैक्टर ट्रालियों से हुई। नीलामी होने के बाद किसान बाहर निकलने का प्रयास करते रहे। दो से ढाई घंटे का समय बाहर निकलने में लगा। जानकारी मिलने के बाद एसडीएम क्षितिज शर्मा भी मौके पर पहुंचे और व्यवस्थाओं को दुरस्त रखने के निर्देश दिए।

### दिन का पारा बढ़ा, 38 डिग्री पर पहुंचा तापमान

**विदिशा।** गर्मी का दौर शुरू हो गया है। मौसम बदलने से अब न्यूनतम और अधिकतम तापमान में दोनों में बढ़ोतरी होने लगी है। पिछले दिनों मौसम का मिजाज बदलने के कारण तापमान में कमी देखी गई थी, जिसके चलते लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली थी। दोपहर 1 बजे के बाद सड़कों पर सन्नाटा छाने लगा है। सोमवार को न्यूनतम तापमान 22 डिग्री पहुंच गया। वहीं, अधिकतम तापमान 38 डिग्री के पार रिकॉर्ड हुआ। बुधवार को को उच्चतम तापमान 38 से 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री रहने की संभावना है।

### केंद्रों पर चार्जेबल एलईडी की व्यवस्थाओं के निर्देश

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने 7 मई को होने वाले मतदान के दौरान हरेक मतदान केंद्र पर रोशनी के संबंध में कोई व्यवधान न हो पाए इसके लिए जिले की सभी पांचों विधानसभाओं के कुल 1341 मतदान केंद्रों पर चार्जेबल एलईडी की व्यवस्थाएं कराने के निर्देश दिए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र विदिशा, जिले के समस्त निकायों के अधिकारी व जनपदों के सीईओ और एकीकृत बाल विकास परियोजना के समस्त परियोजना अधिकारियों को आदेश जारी किया गया है।

# बिजली-पानी के बिना रहने मजबूर 70 आदिवासी परिवार

### पोल लगाए, बिजली की लाइन डाली पर चालू नहीं की



**विदिशा।** बिजली पानी की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे आदिवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बुधवार को नटेरन तहसील के रामनगर पिपरिया के रहवासियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने बताया कि लंबे अरसे से वह बिजली पानी जैसे मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। हरिजन आदिवासियों की 65 से 70 परिवार रहते हैं। यहां इन सुविधाओं का अभाव है।

करीब 8 महीने पहले बिजली की समस्या लेकर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन दिया था तब बिजली कंपनी द्वारा विद्युत पोल ले जाकर लगा दिए। बिजली की लाइन भी डल गई, लेकिन सप्लाई प्रारंभ नहीं की गई। अब बिजली कंपनी ने डोंडी पिटवाकर बिजली का पुराना बिल अदा करने संबंधी सूचना ग्रामीणों को दी गई। जबकि यहां विद्युत सप्लाई हो ही नहीं रही है। ऐसे में ग्रामीणों ने कलेक्टर के पास गुहार लगाते हुए बिजली सप्लाई और पेयजल व्यवस्था जल्द से जल्द दुरुस्त करने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली न होने की वजह से उनके बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे। रात में अंधेरे में खाना बनाना और खाना पड़ता है। पानी लेने के लिए सुबह 4 से उठकर कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता है।

### नारी शक्ति सम्मान से प्रेरित होकर भाजपा में शामिल हुईं देवना

**विदिशा।** भाजपा में होने वाले नारियों के सम्मान से प्रेरित होकर वात्सल्य स्कूल की संचालिका देवना अरोरा ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा ज्वाइन की। वह भोपाल पहुंचकर पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान से मिलीं और रविंद्र भवन में श्री चौहान के समक्ष अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ली। इस दौरान रामपाल सिंह राजपूत और विधायक मुकेश टंडन मौजूद रहे।



### देह दान नेत्रदान व रक्तदान के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा

# जीते जी अपने मृत शरीर की वसीयत, 12 लोगों ने भरा देहदान और नेत्रदान के लिए संकल्प पत्र

**बीते वर्षों में अभी तक 524 ने संकल्प पत्र भरे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मृत्यु होने के बाद मृत शरीर से बहुत लोगों को जीवनदान मिल सकता है, पर बहुत कम लोग देहदान करते हैं।

आज भी कुछ ऐसे लोग हैं जो मृत्यु के बाद अपने शरीर के अंगों को दानकर दूसरों को नया जीवन देने का जज्बा रखते हैं। जिन्होंने जीते जी अपनी मौत के बाद अपने शरीर की वसीयत लिख दी, जिससे न केवल जरूरतमंदों को उनके अंग लगाए जा सकें, बल्कि यह मेडिकल रिसर्च में भी काम आ सकेगा। समाजसेवी विकास पचौरी ने देहदान नेत्रदान व रक्तदान के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिससे लोग मृत्यु के बाद अपने मृत शरीर का देहदान और नेत्रदान कर सकें। विकास के ओर से चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के सार्थक परिणाम सामने आने लगे हैं।

मार्च महीने में 12 लोगों ने मृत्यु के बाद अपने मृत शरीर का देहदान और नेत्रदान के लिए संकल्प पत्र भरे हैं। समाजसेवी विकास पचौरी ने बताया कि बीते वर्षों में अभी तक 524 व्यक्तियों द्वारा यह संकल्प पत्र भरे गए हैं। उन्हीं में से 18 लोगों की मृत्यु होने के बाद उनके मृत शरीर का दान अलग-अलग मेडिकल कॉलेज में कराया गया। वहीं 261 लोगों ने नेत्रदान का संकल्प पत्र भरा है। उनकी मृत्यु होने के बाद 8 व्यक्तियों का नेत्रदान हो चुका हैं। विकास पचौरी ने अपील की है कि पर्यावरण की रक्षा के लिए एवं पीड़ित मानवता की सेवा के लिए सभी लोग इस बारे में विचार करें कि मरने के बाद राख होने से अच्छा है देहदान एवं नेत्रदान का संकल्प लिया जाए।





**विदिशा।** देहदान करने वालों को देहदान की वसीहत संबंधी प्रमाणपत्र दिए गए।

### इन्होंने किया देहदान

मार्च माह में देहदान करने वालों में मंडीबामोरा के मनोज कुमार चौरसिया एवं उनकी धर्मपत्नी पुष्पांजलि चौरसिया, विदिशा के दिनेश नहारिया एवं उनकी धर्मपत्नी ज्योति नहारिया के अलावा संतोष नामदेव, किशोरसिंह पवार, दीपक शर्मा, महेंद्र सिंह दांगी, देवी सिंह रघुवंशी, तारा देवी बंजारे, नरेंद्र कुमार अहिरवार, निर्मल कुमार ने देहदान का संकल्प पत्र भरा है।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-1461
उच्चतम भाव-2450
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2190
उच्चतम भाव-3400
सुनहरा
न्यूनतम भाव -2182
उच्चतम भाव- 2226
चना
न्यूनतम भाव- 4150
उच्चतम भाव- 5881
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4130
उच्चतम भाव-4680
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-4750
मसूर
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-4750
सरसों
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-5350
धनिया
न्यूनतम भाव-5660
उच्चतम भाव-6000
धान
न्यूनतम भाव-2470
उच्चतम भाव-3701
बटरी
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-5280
अलसी
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-4500
इमली
न्यूनतम भाव-1900
उच्चतम भाव-2000

### कृषि मण्डी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 40794 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई। यहां उल्लेखनीय है कि इन दिनों रबी सीजन की फसलों की गहाई चल रही है और इस कारण मंडी में आवक भी लगातार बढ़ रही है।


## खबर संक्षेप

### युवक को किया गिरफ्तार

**गंजबासौदा।** त्योंदा के एक गांव से नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकरइंदौर भगाकर ले गए युवक को त्योंदा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।एसडीओपी मनोज मिश्रा ने बताया कि युवक 16 मार्च को शादी का झांसादेकर नाबालिग को इंदौर भगाकर ले गया था। उसने वहां शादी कर ली थी।पुलिस ने इस सिलसिले में ग्राम मूडरा निवासी अमीर को नाबालिग से दुष्कृत्य करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

### फागिंग मशीन से कराया धुएं का छिड़काव

**गंज बासौदा।** गर्मी के चलते नगर में मच्छरों का प्रकोप बढ गया है। नगर पालिका द्वारा मच्छर भगाने के लिए फागिंग मशीन से नगर में गलियों और मोहल्ले मच्छर मार दवाई का छिड़काव किया जा रहा है। मंगलवार को मील रोड, स्टेशन रोड सहित मुख्य मार्गों पर नपा कर्मियों द्वारा धुंए का छिड़काव कराया। जिससे नगरवासियों को मच्छरों से राहत मिल सके।



### प्राण-प्रतिष्ठा से पहले भक्ति और आस्था से भक्त हुए भाव विभोर

# महाप्रभु ने किसी को बनाया यजमान तो किसी को दी सेवा की प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





अभी तक हमने मिनी जगन्नाथपुरी के रूप में विख्यात विदिशा जिले के मानोरा में तरफदार मानिकचंद परिवार द्वारा भगवान जगदीश स्वामी के प्रति उनकी अटूट भक्ति और श्रद्धा के रूप में दिए गए वचन को निभाने के चमत्कार के बारे में ही सुना था। लेकिन वेत्रवती घाट पर नौलखी आश्रम में विराजमान होने जा रहे महाप्रभु जगन्नाथ की भक्तों के साथ की गई पदयात्रा के दौरान और नगर में उनके भव्य आगमन के बाद घटित हो रहे कुछ ऐसे ही चमत्कार अब लोगों की जुबान पर हैं। यात्रा के दौरान पद यात्रियों के साथ हुए चमत्कारों के अनुभव की लिस्ट लंबी है लेकिन जिन पदयात्रियों के साथ जो अनुभव हुए हैं उनका स्मरण और संस्मरण उन्हें अब रह रहकर याद आते हैं।

महाप्रभु जी के इन विग्रहों ने उड़ीसा से करीब 1200 किलोमीटर के सफर के साथ 40 दिन तक यात्रा करके नगर में प्रवेश किया था जिसका ग्रामीण सहित शहर में श्रद्धालुओं ने पलक पावड़े बिछाते हुए स्वागत कर नगर को जगन्नाथपुरी बना दिया था। मालूम हो कि नगर में भगवान जगदीश स्वामी के रथ यात्रा की परंपरा सिद्ध तपस्वी संत बाबा जगन्नाथ दास जी महाराज के द्वारा प्रारंभ की गई थी। उनकी तप स्थली वेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम में अब करीब 90 साल बाद विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन 10 अप्रैल से 20 अप्रैल तक होने जा रहा है। इस आयोजन में आश्रम पर पहले से ही मौजूद भगवान जगदीश स्वामी के विग्रह के स्थान पर नवीन विग्रह बदले जा रहे हैं।

महाप्रभु जगन्नाथ, बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा के इन विग्रहों को श्रद्धालुओं का 40 पदयात्रियों एक जत्था आस्था, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ जगन्नाथपुरी से पदयात्रा करते हुए नगर में लाया था। उड़ीसा जगन्नाथपुरी में परंपरा के अनुसार, हर 12 साल में भगवान जगन्नाथ स्वामी की मूर्ति परिवर्तित की जाती है। दशकों पुराने नौलखी आश्रम के जीणोद्धार के मौके पर यहां विराजमान जगन्नाथ भगवान के विग्रह को भी बदलने की प्रेरणा मिलने के बाद यह आयोजन संपन्न होने जा रहा है। कहते हैं भगवान भक्त की श्रद्धा,भक्ति और भाव के प्रेमी होते हैं। महाप्रभु जगन्नाथ ने नगर के ऐसे परिवार को अपनी सेवा की प्रेरणा दी जो ना तो कभी नौलखी आश्रम की गतिविधियों में संलग्न ना रहा और ना ही आश्रम के संतों के संपर्क में। नगर के बरेठ रोड़ निवासी मूर्तिकार घनश्याम प्रजापति ने प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में महाप्रभु जगन्नाथ की ओर से सेवा की प्रेरणा मिलने के बाद अपने मित्रों के जरिए यज्ञ में सेवा की इच्छा प्रकट की। जिसके बाद उनके मित्र सेवानिवृत शिक्षक रघुवीर सिंह रघुवंशी नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज को प्रजापति के निवास पर लेकर गए। प्रजापति ने स्वप्न में महाप्रभु जगन्नाथ के द्वारा सेवा करने की प्रेरणा के बारे में विस्तार से बताते हुए यज्ञ में यजमान बनने की इच्छा प्रकट की। जिस पर श्रीमहंत ने सहमति देते हुए उन्हें यजमान बनाया। अब प्रजापति अपनी पत्नी के साथ यज्ञ में घी की आहुतियां छोड़ेंगे। घनश्याम प्रजापति ने बताया कि उन्हें जैसी प्रेरणा मिली थी। उसके अनुसार वह महाप्रभु की सेवा कर रहे हैं। महाप्रभु जगन्नाथ ने उड़ीसा से करीब 90 किलोमीटर दूर दासपल्ला नामक शहर के एक फैक्ट्री संचालक को स्वप्न देकर पदयात्रियों की सेवा का आदेश दिया था। यह फैक्ट्री संचालक सीमेंट के पाइप सहित अन्य सामग्री बनाते हैं। फैक्ट्री संचालक संजय दास महाप्रभु को लेने गए नगर के पद यात्रियों के उड़ीसा पहुंचने के तीन दिन पहले भगवान जगन्नाथ प्रभु के दर्शन करने जगन्नाथपुरी गए हुए थे। तभी उन्हें वहां स्वप्न हुआ कि कुछ भक्त मुझे लेने के लिए यहां आ रहे हैं तुमको उनकी सेवा करनी है। महाप्रभु जगन्नाथ को लेकर पदयात्री जब उड़ीसा से होते हुए तीसरे दिन दासपल्ला नामक शहर पहुंचे तो एक मेडिकल स्टोर पर रात्रि विश्राम के लिए स्थान के बारे में जानकारी जुटाने के दौरान मेडिकल स्टोर संचालक ने संजय का मोबाइल नंबर देकर उनसे संपर्क करने के लिए कहा। पदयात्रा में प्रारंभ से लेकर आखिरी समय तक साथ रहे विकास मिश्रा ने बताया कि जैसे ही हमने संजय दास को फोन लगाया तो उनके मुंह से शब्द नहीं निकल पा रहे थे और महाप्रभु द्वारा दी गई प्रेरणा का पूरा वाकया बताते बताते उनका गला भर आया। उन्होंने बताया कि वह तीन दिन से पदयात्रियों के आगमन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। संजयदास ने ना केवल पद यात्रियों के रुकने के लिए स्थान उपलब्ध कराया बल्कि भंडारे के लिए 15 हजार रूपये की सामग्री भी भेंट की।

### शासकीय शाला में प्रवेशोत्सव मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेमरी में बाल सभा एवं प्रवेश उत्सव कार्यक्रम एवं नवीन शिक्षण सत्र की शुरुआत सभी छात्र, छात्राओं के मध्य बड़े ही धूमधाम से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष फेरन सिंह लोधी ने की। विशेष अतिथि ऊषा बाई सेन, राखी देवी मुख्य अतिथि राज बाई मौजूद थी। इस अवसर प्रधानाध्यापक प्रज्ञानंद जाटव, सैयद शफाकत हुसैन कादरी, मोनिका विजोले उपस्थित थे। कार्यक्रम में बच्चों को तिलक लगाकर नवीन सत्र में स्वागत किया गया।

### ट्रेन में लूट मामले में एक और संदिग्ध पकड़ाया

**गंजबासौदा।** गत 26 मार्च को बिलासपुर भोपाल पैसेंजर के कोच क्रमांक एस-1 में 9 लाख रुपए के नगदी एवं जेवर लूटने के मामले में भोपाल जीआरपी ने नगर के कुछ संदिग्ध बदमाशों को गिरफ्तार किया है। घटना उस समय हुई जब गांधी चौक में रहने वाले 48 वर्षीय राजेश सोनी रोज की तरह को नगर के सोने-चांदी के व्यापारी फरा, सौरभ, हैदर ज्वेलर्स की सामग्री लेने और देने अपने एक साथी के साथ भोपाल-बिलासपुर पैसेंजर से जा रहे थे। जैसे ही ट्रेन निशातपुरा से भोपाल पहुंची, तभी नकाबपोश दो बदमाशों ने राजेश सोनी के साथ बैठे उनके साथी पर चाकू अड़ा दिया तथा दूसरे ने उनसे बैग छीनने की कोशिश की, उन्होंने बैग नहीं छोड़ा। जिस हाथ से बैग कसकर पकड़ा था। बदमाशों ने उसपर चाकू से हमला कर कर दिया और बैग छीनकर ट्रेन से उतरकर भाग गए। इसकी रिपोर्ट फरियादी राजेश ने जीआरपी पुलिस भोपाल में की थी। जीआरपी भोपाल इस मामले में नगर के कुछ लोगों को पकड़कर 2 दिन पहले ले गई थी। इसके बाद एक और संदिग्ध को जीआरपी पुलिस को पकड़कर ले गई है। घटना वाले दिन वे 3 लाख रुपए नगद ले जा रहे थे, जबकि 6 लाख रुपए मूल्य के जेवर रखे हुए थे।

### फसल कटी नहीं की नरवाई में आग लगाना शुरू...



### किसान बेधड़क होकर जला रहे नरवाई

**गंज बासौदा।** एक और शासन प्रशासन आगजनी को रोकने और नरवाई की आग से होने वाले नुकसान के लिए आमजनों और किसानों को जागरूक कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर किसान बिना किसी डर के अपने खेतों में खड़ी नरवाई में आग लगा रहे हैं। इस दौरान कई बार पास के खेतों में खड़ी फसल भी आग की चपेट में आकर नष्ट हो रही है। यहां उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष नरवाई की आग से घरों, फसलों सहित अन्य तरह के नुकसान होते रहते हैं, इसके बावजूद किसान नरवाई में आग लगाने के प्रति जागरूक नहीं हो रहे हैं।

## कार और ट्रैक्टर में आमने-सामने हुई भिड़ंत, दोनों हुए क्षतिग्रस्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मंगलवार को शाम के समय बासौदा सिरोंज मार्ग पर ग्राम अंबानगर के पास जरोद पुलिया पर एक चार पहिया वाहन और ट्रैक्टर ट्रॉली की आमने सामने भिडंत हो गई। इस दुर्घटना में दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, लेकिन संयोग से किसी भी वाहन सवार को गंभीर चोट नहीं लगी।

अंबानगर चौकी प्रभारी लक्ष्मण सिंह रघुवंशी ने बताया कि मंगलवार की शाम को एक कार सिरोंज की ओर से आ रही थी। उसी दौरान एक ट्रैक्टर ट्रॉली अंबानगर से सिरोंज की ओर जा रहा था। तभी ग्राम जरोद में पुलिया पर दोनों वाहनों की आमने सामने भिडंत हो गई। यह टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और सडक किनारे जा पहुंचे। हांलाकि वाहनों में सवार किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोटें नहीं आईं और उन्हें मामूली चोटें लगीं। घटना के बाद घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है।



## नगर के साहित्यकार संघ का होली मिलन समारोह व गोष्ठी संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर के सृजन शील रचनाकारों व्दारा वरिष्ठ साहित्यकार ज्ञानचंद अज्ञान के निवास पर होली मिलन समारोह एवं गोष्ठी आयोजित की गई। इस रंग -पर्व पर कवि-दरबार का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जयकुमार शीतल व्दारा की गई एवं संचालन चन्द्रकुमार तारण संपादक सृजन परिदृश्य व्दारा किया गया। इस अवसर पर हास्य व्यंग लेखन में नगर का नाम रोशन करने वाले कवि ज्ञानचंद अज्ञान को साहित्यकार संघ व्दारा सम्मानित किया गया। सभी साहित्यकारों को रंग गुलाल से सराबोर किया गया। इस अवसर पर वैद्यराज निहाल सिंह पंथी, प्रोफेसर ऋषभ कुमार जैन, अशोक शाह पेन्टर, डॉ. महेंद्र प्रताप मेहता, मुन्ना लाल शास्त्री, नीलेश चतुर्वेदी, आशीष दुबे, ज्ञानचंद अज्ञान, राजकुमार अहिरवार, हरीनारायण, राकेश जैन विद्युत व्दारा गीत गजल हास्य व्यंग कविता राग-फाग कजलियां भजन का गायन किया गया।



कार्यक्रम के अंत में आभार प्रकट करते हुए चंद्र कुमार तारण ने कहा कि ज्ञानचंद अज्ञान हंसमुख सहज सरल मिलनसार होकर बहुमुखी व्यक्तित्व के धनी हैं, उनके नाती पोतों एवं बहुओं ने जिस उत्साह उमंग से साहित्यकारों का स्वागत वंदन अभिनंदन किया है। वह सदैव स्मरण रहेगा।

### संबंधित ठेकेदार को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर में अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत चल रहे गंजबासौदा रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्य का मंगलवार को सीनियर एडीईएन महेन्द्र सिंह और एडीईएन संजय चौधरी ने निरीक्षण किया और निर्माण एजेंसी को शीघ्र एवं गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

यहां उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार की अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत गंजबासौदा के रेलवे स्टेशन का भी पुनर्निर्माण एवं सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। साथ ही यहां यात्री सुविधाओं में विस्तार भी कराया जा रहा है। करीब 23 करोड रूपए की लागत से हो रहे इस कार्य का समय समय पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी निरीक्षण कर काम की गति एवं गुणवत्ता का जायजा लेते रहते हैं।

इसी के तहत सोमवार को भी भोपाल से रेल मंडल के सीनियर एडीईएन महेन्द्र सिंह और एडीईएन संजय चौधरी यहां आए। इन अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन पर चल रहे प्लेटफार्म क्रमांक 2 एवं 3 के शेड निर्माण, मुख्य भवन निर्माण, प्लेटफार्म विस्तारीकरण, पुराने रेलवे आवासों को तोडकर बनाने, बाउंड्रीवाल निर्माण सहित अन्य कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने बारीकी से कार्य का निरीक्षण करते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदारों को मुख्य कार्य समय सीमा में और पूरी गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर निर्माण एजेंसी से जुडे लोगों से चर्चा कर उन्हें कार्य में आ रही परेशानियों को भी समझा और अधीनस्थ अधिकारियों को समस्या निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर स्थानीय रेलवे स्टेशन के रेलवे अधिकारी कर्मचारी और निर्माण एजेंसी के कर्मचारी एवं ठेकेदार मौजूद रहे।

### यातायात पुलिस कर रही चालानी कार्रवाई



**गंजबासौदा।** यातायात पुलिस द्वारा शहर के अलग अलग चौक चौराहों पर पहुंचकर दो पहिया, चार पहिया वाहनों की जांच पड़ताल की जा रही है। पुलिस द्वारा जुर्माने से बचने के लिये कई वाहन चालक इधर उधर गलियों से भागते नजर आते हैं। यातायात पुलिस सड़क हादसों में कमी लाने के लिये लगातार काम कर रही है। मंगलवार को यातायात अमले ने जय स्तंभ चौक पर विशेष अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान 10 वाहन चालकों से 4500 रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर में हुई मरीजों की जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर द्वारा स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु सेंटर मिल रोड पर नेत्र शिविर लगाया गया। विजन सेंटर पर लगे शिविर में डॉक्टर राजकरण वर्मा ने लगभग 122 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। वहीं महेंद्र सिंह सूर्यवंशी ने रक्त परीक्षण, शुगर परीक्षण, बीपी की जांच कर सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नेत्र चिकित्सक डॉक्टर राजकरण वर्मा, बीडी साहू, मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन के प्रांतीय प्रभारी डॉ. एके जैन एवं जिला प्रभारी गणेश राम रघुवंशी ने स्वर्गीय रणछोड़दास के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। नेत्र चिकित्सकों का पुष्पहार से स्वागत शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने जानकारी दी। शिविर में 21 मरीजों को मोतियाबिंद चिन्हित किया गया, 29 लोगों को चश्मे के नंबर निकालने की सलाह दी गई। 17 लोगों को चश्मा प्रदान किए गए। 56 मरीजों को दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर आनंद मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में आरती नामदेव, राम कुमार शर्मा, खुशाल सिंह रघुवंशी ने सहयोग प्रदान किया।

# गर्मी के समय पक्षियों से प्रेम करो और उनका विशेष ख्याल रखोः श्वेता आनंद त्यागी

**नरवाई में लगाई जाने वाली आग के कारण न केवल खेतों की उर्वरा शक्ति घटती है बल्कि खेतों में मौजूद जीव-जंतु और पक्षी भी आग की चपेट में आ जाते हैं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



इस समय ग्रामीण क्षेत्रो में गेंहू कटाई का कार्य तेजी से चल रहा है और किसानों द्वारा गेहूं की थ्रेसिंग करने के बाद बचे हुए अवशेष में आग लगाकर खेतों को साफ किया जा रहा है। जबकि फसल कटने के बाद बची हुई नरवाई में आग लगाना खेती के लिए नुकसानदायक होने के साथ ही पर्यावरण की दृष्टि से भी हानिकारक है। इसके कारण विगत वर्षों में गंभीर अग्नि दुर्घटनाएं हुई हैं। साथ ही सम्पत्ति की व्यापक हानि हुई है। गर्मी के मौसम में इससे जलसंकट में बढ़ोत्तरी होती है और कानून व्यवस्था के लिए विपरीत परिस्थितियां बनती हैं।

खेत की आग अनियंत्रित होने पर जन-धन सम्पत्ति, प्राकृतिक वनस्पति, जीवजंतु आदि नष्ट हो जाते हैं, जिससे व्यापक नुकसान होता है और खेत की मिट्टी में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले लाभकारी सूक्ष्म जीवाणु आग से नष्ट हो जाते हैं, जिससे खेत की उर्वरा शक्ति घट रही है और उत्पादन प्रभावित हो रहा है। खेत में पड़ा कचरा, भूसा, डंठल सड़ने के बाद भूमि को प्राकृतिक रूप से उपजाऊ बनाते हैं। इन्हें जलाकर नष्ट करना नुकसानदायक है। आग लगाने से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

### किसानों से की अपील

*गिलहरी अभियान एक छोटा सा प्रयास फाउंडेशन की सरंक्षक श्वेता आनन्द त्यागी ने अपील की कि किसान भाई फसल की कटाई के बाद नरवाई में आग न लगाए। क्योकि इस वर्ष सिरोंज क्षेत्र सहित आसपास के क्षेत्रो में वर्षा कम होने के कारण चारो ओर जल संकट देखा जा रहा है। कई ग्रामीण क्षेत्रो की स्थिति यह है कि कुएं,नदिया पूरी तरह सूख गई है और नागरिको को पीने के पीनी के लिए भी दूर दराज से पानी भरकर लाना पड़ रहा है। इसको लेकर स्थानीय प्रशासन भी काफी चिन्तित है और जल संकट से निपटने के लिए तरह तरह के प्रयास प्रशासन द्वारा किए जा रहें है। जब भी ग्रामीण अपने खेत की नरवाई में आग लगाते है तो क्षेत्र में हर वर्ष कही न कही अग्नि दुर्घटनाए देखने को मिल ही जाती है। वही इस वर्ष क्षेत्र में जल संकट गहरा रहा है यदि इस जल संकट के समय में यदि कोई अग्नि दुर्घटना घटित होती है तो उस पर काबू करने के लिए काफी मश्क्कत करना पडेंगा।*

### खेतों की उर्वरा शक्ति को घटाती है नरवाई की आग

*इस अवसर पर स्वयंसेवक सुजीत कुशवाह ने ग्रामीणो को जागरूक करते हुए कहा कि खेतो में नरवाई में लगाई जाने वाली आग से न केवल खेतो की उर्वरा शक्ति घटती बल्कि खेतो में लगें हुए पेडों पर बने पक्षियो के घौसलें भी जल जाते है ओर खेतो में रेंगने वाले जीव जंतुओं के साथ ही पक्षी भी आग की चपेट में आ जाते हैं बहुत से पक्षी खेतों में झाड़ियों और फसल के बीच घोसला बनाकर अंडे देते हैं। खेतों में लगाई जाने वाली आग से इन अंडो के साथ ही पक्षियों को नष्ट कर देती है खेत में टीहारी,बटेर, बुलबुल आदि खेतों में नीचे जमीन पर घोसला बनाकर अंडे देते हैं। वही उन्होने कहा कि किसान भाई खेत में खड़ी नरवाई में आग ना लगाएं इससे जनधन के अलावा प्रकृति को भी बहुत ज्यादा हानि होती है इस पर ध्यान देना होगा बो दिन दूर नही हम भी इन बेजुबान पक्षियों की तरह मरेंगे।*

### गर्मी में अमृत माना जाता है पानी

गिलहरी अभियान एक छोटा सा प्रयास फाउंडेशन की सरंक्षक श्वेता आनन्द त्यागी द्वारा चलाए जा रहें अभियान में हर वर्ष अनेको युवा अभियान में शामिल होकर नगर में जगह जगह जल पात्र व पक्षियो के खाने के लिए दाना रखते है। वही श्वेता आनंद त्यागी ने कहा कि गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है, मनुष्य को प्यास लगती है तो वह कहीं से भी पानी मांग कर पी लेता है, लेकिन मूक पशु पक्षियों को प्यास में तड़पना पड़ता है, हालांकि जब वे प्यासे होते हैं तो घरों के सामने दरवाजे पर आकर खड़े हो जाते हैं। कुछ लोग पानी पिला देते हैं तो कुछ लोग भगा भी देते है। इस गर्मी में पशु पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए लोगों को प्रयास करना चाहिए। गर्मियों में कई परिंदों व पशुओं की मौत पानी की कमी के कारण हो जाती है। लोगों का थोड़ा सा प्रयास घरों के आस पास उड़ने वाले परिंदों की प्यास बुझाकर उनकी जिंदगी बचा सकता है। सुबह आंखें खुलने के साथ ही घरों के आस-पास गौरेया, मैना व अन्य पक्षियों की चहक सभी के मन को मोह लेती है। घरों के बाहर फुदकती गौरेया बच्चों सहित बड़ों को भी अपनी ओर आकर्षित करती है। गर्मियों में घरों के आसपास इनकी चहचहाहट बनी रहे, इसके लिए जरूरी है कि लोग पक्षियों से प्रेम करें और उनका विशेष ख्याल रखें।

## तिलकोत्सव के साथ नए सत्र का आगाज, खीर-पूड़ी का किया वितरण

**रहली।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार रहली ब्लाक के सभी शासकीय स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया गया। बीआरसी आरडी अहिरवार ने बताया कि प्रवेश उत्सव पर सभी शासकीय स्कूलों में छात्रों को तिलक रोरी लगाकर स्वागत किया गया, तथा खीर पुरी और मीठा का वितरण किया गया । बीआरसी आरडी अहिरवार के अनुसार प्रवेश उत्सव पर 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिसमें प्रवेश के दौरान उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को पिछले प्रश्न पत्रों को हल कराया जाएगा, जिसका उद्देश्य कठिन अवधारणा को सरल कर पूर्ण करने व छूटे हुए प्रश्नों का पुनः अभ्यास किया जाना है। इसी के साथ विद्यालय में बच्चों को मिट्टी के खिलौने बनाना, कागज की कटिंग, फोल्डिंग, सहित बाल सभा एवं स्थानीय खेलों का भी आयोजन किया जाएगा और पालकों को छात्र-छात्राओं की प्रगति से अवगत कराया जाएगा। इस अवसर पर बीएसी कमल जैन, लीलाधर जाटव, एन एल अहिरवार, जनशिक्षक राजा बागरोंन, अरविंद तिवारी आदि मौजूद थे।

### किया जाना है धर्मशाला का निर्माण कार्य

## सर्व ब्राह्मण महापंचायत धर्मशाला के लिए समाजसेवी पालीवाल ने दिए एक लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



सर्व ब्राह्मण महापंचायत धर्मशाला निर्माण के लिए पूर्व सरंपच एंव वरिष्ठ समाजसेवी वीरेन्द्र पालीवाल ने एक लाख रूपये की राशि दान स्वरूप प्रदान की गई। इस अवसर पर सर्वब्राह्मण महापंचायत ट्रस्ट के अध्यक्ष ओम प्रकाश चैधरी ने श्री पालीवाल का शाल श्रीफल से सम्मान किया।

वही उन्होने ने सर्वब्राह्मण समाज के सभी बंधुओ से अनुरोध किया है कि सर्वब्राह्मण महापंचायत ट्रस्ट की धर्मशाला का कार्य आगे पूर्ण करने के लिए सुसज्जित हो व्यवस्थित हो ज्यादा से ज्यादा समाज को सुविधा दे सकें। इस उद्देश्य से आगे निर्माण कार्य को करने हेतु सर्वब्राह्मण महापंचायत ट्रस्ट समाज से अनुरोध करती है जिस प्रकार से हमेशा आपके सहयोग से धर्मशाला का निर्माण हुआ आगे भी धर्मशाला निर्माण कार्य को प्रगति पर ले जाने के लिए आपका अमूल सहयोग मिले। जिससे सर्व ब्राह्मण महापंचायत ट्रस्ट द्वारा निर्मित धर्मशाला में बहुत अच्छी व्यवस्था के साथ हम समाज के उपयोग में दे सकें। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष ओम प्रकाश चैधरी सचिव राजेश शर्मा, डॉक्टर दीपक मिश्रा, हरिओम शर्मा छैलाई, हरि ओम नायक, विश्व बंधु चतुर्वेदी, शिवकुमार शर्मा, गणेश पालीवाल आदि उपस्थित रहे।

## चैत्र नवरात्रि उत्सव को लेकर महामाई माता मंदिर डांगवाली पर चल रही व्यापक तैयारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

प्रतिवर्षानुसार इस बर्ष भी चैत्र नवरात्रि के अवसर पर श्री महामाई माता मंदिर (डांगवाली) के जाग्रत दरबार में श्री विद्या शतचंडी दुर्गा महायज्ञ एवं मेले का आयोजन परंपरानुसार श्रद्धा एवं भक्तिभाव से मनाया जावेगा। दिनांक 4 अप्रैल से 18 अप्रैल तक चलने वाले इस विशाल आयोजन की तैयारी को लेकर समिति द्वारा लगभग विगत 1 महीने पूर्व से श्री महामाई माता मंदिर परिसर में व्यापक तैयारिया की जा रही है।

समिति द्वारा श्री महामाई माता मंदिर के शिखर की आकर्षक सजावट के साथ ही गर्भ ग्रह परिसर में विराजित श्री महामाई माता का आकर्षक श्रृंगार करने के साथ ही परिसर में विराजित अन्य देवी देवताओं के मंदिरों की भी आकर्षक सजावट की जा रही है। रात्रि में महामाई मंदिर की पहाड़ी पर की गई आकर्षक विद्युत सज्जा दूर से ही आकर्षिक कर रही है। समिति द्वारा उत्सव की भव्य तैयारी हेतु सम्पूर्ण परिसर में रंगीन ध्वज पताकाएँ एवं वंदनवार लगाए जा रहे है। मंदिर के परिक्रमा स्थल के मार्ग की सफाई के साथ ही मार्ग की साज-सज्जा की गई है। चैत्र नवरात्रि में परंपरानुसार विश्व शांति हेतु आयोजित होने वाले श्री विद्या शतचंडी दुर्गा महायज्ञ की तैयारी भी लगभग पूर्ण हो चुकी है इस हेतु मंदिर परिसर में स्थित यज्ञशाला को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया है। नवरात्रि के दौरान यहाँ मंदिर के प्रधान पुजारी पं. नलिनीकांत शर्मा द्वारा प्रतिदिन महायज्ञ में आहुतियाँ प्रदान कराई जावेंगी।

### मेला स्थल की भी तैयारियां लगभग पूर्ण

*चैत्र नवरात्रि के अवसर पर महामाई माता के दरबार में लगने वाले विशाल मेला स्थल भी लगभग तैयार हो चुका है। श्री महामाई माता मंदिर के पीछे वाली पहाड़ी के सामने एवं परिक्रमा स्थल मार्ग पर स्थित खिन्नी वाले खेत में लगभग 300 वाई 400 फिट के क्षेत्रफल में मेला स्थल के समतलीकरण के साथ ही इसकी व्यापक सभी तैयारियाँ लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। मेले में दर्शनार्थियों को मनोरंजन हेतु मीना बाजार, आकर्षक झूले, दुकानें आदि लगाऐ जा रहे हैं।*

### रामलीला के लिए बनाया गया विशाल डोम

*प्रतिबर्षानुसार इस वर्ष भी महामाई माता के दरबार में रात्रि में श्री रामलीला का आयोजन होगा। इसमें प्रतिदिन वृंदावन के कलाकारों द्वारा श्री रामलीला की मनमोहक प्रस्तुति दी जावेगी। समिति द्वारा इस हेतु परंपरानुसार विशाल डोम का निर्माण किया गया है जिसमें बैठकर श्रद्धालुगण रामलीला का आनंद प्राप्त कर सकेंगे।*

### पत्रकारों को बैलेट से वोट करने की सुविधा


**विदिशा।** मतदान दिवस के कवरेज में शामिल पत्रकारों को भी पोस्टल बैलेट से वोट डालने की सुविधा ऐच्छिक प्रदान की गई है। चुनाव कार्य के कवरेज में संलग्न पत्रकार को अपना प्राधिकार पत्र लगाकर पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिए आवेदन करना होगा। तय प्रक्रिया का पालन करने एवं प्राधिकार पत्र संलग्न करने पर संबंधित निर्वाचन अधिकारी प्राधिकृत पत्रकार को पोस्टल बैलेट जारी कर उनसे मतदान कराएंगे।

### एकजुट होकर की पहल

**हैदरगढ़।** कस्बा हैदरगढ़ में गौ जल सेवा संकल्प समिति द्वारा बस स्टैंड मुक्तिधाम के पास गौ वंश के लिए जल की उपलब्धता के लिए 500 लीटर क्षमता की पानी की टंकी का निर्माण कराया। कस्बे में गौ माताओं के लिए गर्मियों में यह जरूरी थी क्योंकि गर्मियों में गौ वंश पानी की तलाश में यहां वहां भटकती रहती हैं। इसमें सभी लोगों का आर्थिक सहयोग एवं श्रमदान प्राप्त हुआ। गौ जल सेवा समिति हैदरगढ़ ने पिछले वर्ष भी बुधवारा बाजार में 500 लीटर के टंकी का निर्माण कराया गया था।

### रामू बघेल लोकसभा सह प्रभारी नियुक्त

**विदिशा।** युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामू बघेल को भाजपा ने विदिशा रायसेन लोकसभा क्षेत्र का शहर प्रभारी नियुक्त किया है। रामू बघेल की नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा और युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार की अनुशंसा पर की गई है। रामू बघेल पूर्व में विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक और प्रदेश कार्यकारिणी युवा मोर्चा के सदस्य भी हैं। वह लोसभा चुनाव में प्रत्येक पोलिंग बूथ पर 52 प्रतिशत युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने काम करेंगे।



## कलेक्टर से की बेतवा के पानी की दोबारा जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मप्र प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड भोपाल द्वारा दी गई बेतवा के पानी की जांच की रिपोर्ट लेकर बुधवार को पर्यावण मित्र नीरज चौरसिया ने कलेक्टर से चर्चा की।

उन्होंने कलेक्टर को बताया की बेतवा में प्रदूषण किसी से छिपा नहीं है। एक प्रमुख संस्था द्वारा इस तरह की रिपोर्ट देना एक गंभीर लापरवाही है। बेतवा नदी के प्रमुख घाटों से जल के नमूने मप्र प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड के कनिष्ठ वैज्ञानिक जेके राजोरिया की मौजूदगी में भोपाल लैबोरेट्री में जांच के लिए भेजे गए थे। जिनकी दो माह बाद भ्रामक और संतोषजनक रिपोर्ट नीरज चौरसिया को प्राप्त हुई है। उन्होंने कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य से मुलाकात कर निवेदन किया है कि कलेक्टर की निगरानी में पुनः जल परीक्षण कराया जाए। जिससे सच्चाई सामने आ सके। विषय की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने शीघ्र ही मप्र प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड को पत्र लिखने का आश्वासन दिया है। कलेक्टर ने कहा की नदी एवं पर्यावरण बचाने में उनकी भी विशेष रुचि है। इसलिए इस मामले को गंभीरता से लिया जाएगा।

### डिवाइडर के आसपास कराई गई साफ- सफाई

**बरेली।** नप अध्यक्ष हेमंत चौधरी सीएमओ हरिशंकर वर्मा के निर्देश पर नगर के बीचों बीच से निकली मुख्य सड़क के डिवाइडर के आसपास जमा मिट्टी धूल को हटाने उठाने का कार्य किए जाने से वाहन चालकों राहगीरों को उडती धूल से राहत मिलेगी। नपं द्वारा स्वच्छता पर्यवेक्षण 2024 के अंतर्गत नगर के वार्डों एवं नालों की साफ सफाई का विशेष अभियान शुरू किया गया है। सफाई मित्रों की बडी टीम द्वारा वार्ड नं एक में विशेष साफ सफाई अभियान चला कर कचरा उठाने हटाने का कार्य किया गया। इसी के साथ वार्ड नं 6 के बड़े नाले की विशेष सफाई की गई। सफाई निरीक्षक श्याम सौलंकी ने बताया कि विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर नगर को साफ और सुंदर बनाने का नपं द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

## विधिवत 5 देवों की आराधना, अवश्य करें यही सनातन धर्म हैः ब्रम्हचारी महाराज

### नरसिंह टेकरी मंदिर पर श्रीराम कथा महोत्सव जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



घोघरा नदी के किनारे स्थित प्राचीन नरसिंह टेकरी हनुमान मंदिर प्रांगण में एक अप्रैल से प्रारंभ हुए श्रीराम कथा महोत्सव के दूसरी दिन कथा व्यास महामण्डलेश्वर पू. ब्रम्हचारी जी महाराज ने कहा कि पांच देवों की पूजा आराधना प्रत्येक सनातनी व्यक्ति को करना चाहिए यहीं सनातन धर्म है।

पू. ब्रम्हचारी महाराज ने कहा कि भगवान श्री गणेश देवी दुर्गा देवाधिदेव महादेव भगवान नारायण और सूर्य देव की आराधना करना सनातन धर्म है। भगवान शिव की आराधना से मन वांछित फल की प्राप्ति होती है। भगवान विष्णु की आराधना से अज्ञान दूर होकर ज्ञान की प्राप्ती होती है। सूर्य देव जगत की आत्मा है। प्रत्यक्ष देव कहा गया है सूर्य का प्रातः अर्घ देने से वह प्रसन्न होते हैं।

### श्रद्धा विश्वास के बदले होंगे ईश्वर दर्शन

कथा व्यास पू. ब्रम्हचारी जी ने कहा कि बहरी गुणों को देखकर श्रद्धा बनती है। यही श्रद्धा विश्वास में बदल जाती है। पूर्ण विश्वास होने पर ही ईश्वर के दर्शन का मार्ग है। कहा कि जब तक विश्वास नहीं तब तक ईश्वर के दर्शन नहीं होते।

ब्रम्हचारी जी ने कहा कि पीपल गाय और देवालयों को सिर झुकाकर प्रणाम स्पर्श अवश्य करना चाहिए। लक्ष्मी को प्राप्त करने शनिवार को पीपल के वृक्ष की पूजन, आराधना परिक्रमा और स्पर्श से लक्ष्मी की प्राप्ति हो सकती है।

## पोस्टमैन नही बांट रहे डाक, पोस्ट ऑफिस में लटका रहता है ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कस्बा बागरोद




भारत सरकार का उपक्रम पोस्ट ऑफिस कस्वा बागरोद इन दिनों खस्ता हाल से गुजर रहा है। उपभोक्ता अपने आधार, पेनकार्ड, एटीएम जैसे जरूरी दस्तावेजों के लिए नरेशान हो रहे हैं और विभाग मे पदस्थ कर्मचारी अधिकारी इस ओर कोई खास ध्यान नहीं दे रहे।

पंजाब नेशनल बैंक स्टाप ने बताया कि हमारी शाखा के एटीएम पोस्ट ऑफिस के माध्यम से उपभोक्ताओं को मिलते हैं लेकिन पोस्ट ऑफिस हफ्ते में एक दो दिन ही खुलता है। ऐसे में उपभोक्ता शाखा में अपने एटीएम के लिए आते हैं। हमने भी कई बार पोस्टमेन को बोला की आप एटीएम ग्राहकों को वितरित करें, लेकिन हमारी बात पर पोस्टमेन द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया। पोस्ट ऑफिस मे आधार, पेनकार्ड के ढेर लगे हैं जो पोस्टमैन द्वारा वितरित नहीं किए गए। क्षेत्र वासी अपने दस्तावेजों के लिए भटक रहे हैं।

### कार से परिवहन हो रही 20 पेटी शराब जब्त

**बरेली।** मार्च के आखरी दिनों में शराब का ठेकास बदलने और शराब के दाम कर होने की खबर लगते ही शराब दुकानों पर शराब खरीदने वालों की शराब दुकाने खुलने से बंद होने तक भारी भीड़ का नजारा बना रहा। सस्ती शराब खरीदकर लोग स्टाक करने सक्रिय नजर आए। बरेली चैनपुर रोड पर सुल्तानपुर खेड़ा के पास पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार क्रमांक एमपी04 सीजेड 8726 की जांच की जा रही कार और आरोपी लखन सिंह राजपूत निवासी सर्रा को गिरफ्तार किया। पुलिस की टीम ने पकड़ी कार में 10 पेटी देशी प्लेन और 10 पेटी देशी मशाला के एक हजार क्वाटर, 180 लीटर अवैध रूप से परिवहन की जा रही शराब जप्त की गई। आरोपी लखन सिंह राजपूत पुत्र धर्मसिंह राजपूत निवासी सर्रा के विरुद्ध आबकारी एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर भारी मात्रा में शराब कार एवं आरोपी को गिरफ्तार न्यायालय मं पेश करने की कार्रवाई की गई।


## नर्मदापुरम लोकसभा की उदयपुरा बरेली विधानसभा में दोनों दलों की गतिविधियां ठंडी, नहीं खुले कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

संपूर्ण देश प्रदेश में लोकसभा चुनाव की तैयारी प्रचार और संपर्क अभियान जोर पकड़ रहा है। नर्मदापुरम लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली उदयपुरा बरेली विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के नेता कार्यकर्ता उदासीन प्रचार प्रसार संपर्क के प्रति निष्क्रिय नजर आ रहे हैं। 26 अप्रेल को मतदान होना है अभी तक बरेली नगर ग्रामीण क्षेत्र में कांग्रेस भाजपा के चुनावी कार्यालय ही प्रारंभ नहीं हुए हैं।

### निकट आ रही मतदान तिथि

भाजपा से दर्शन सिंह चौधरी और कांग्रेस से पूर्व विधायक संजू शर्मा का नाम घोषित हो चुका है। पिछले वर्ष हुए विधानसभा चुनावों में उदयपुरा बरेली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के नरेन्द्र शिवाजी पटेल लगभग 43 हजार मतों के भारी अंतर से चुनाव जीतने में सफल हुए। वहीं कांग्रेस के देवेन्द्र पटेल को बड़ी पराजय का सामना करना पड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के प्रति क्षेत्र के मतदाताओं में भारी समर्थन की स्थिति है। प्रत्याशी संजू शर्मा बरेली, बाडी क्षेत्र से पूरी तरह बाकिफ और संपर्क में भी नहीं रहे शायद इसी का असर है कि बरेली बाडी क्षेत्र के नगरीय और ग्रामीण कार्यकर्ता नेता शांत रह कर चुनावी राजनीति पर दम साध कर नजर रखे हुए हैं। बाडी क्षेत्र में भाजपा को प्रत्येक मतदान केन्द्र पर जिस प्रकार मतों की बढत मिली वहीं लोकसभा चुनाव में मिलने की संभावना से शायद प्रचार प्रसार और संपर्क में अति धीमी चाल बनी नजर आ रही है। होली रंगपंचमी के मेल मिलाप वाले त्योहार भी निकल गए। दोनों दलों के नेता कार्यकर्ता शायद किसी बड़े नेता के आने सभा होने के बाद सक्रिय होने का इंतजार कर रहे हो।



### गर्मी का पारा बढ़ा, राजनीति का पारा अभी नीचे

मार्च के आखिरी दिनों एवं अप्रेल की शुरूआत से ही गर्मी का पारा निरंतर बढ़ रहा है। दिनभर सूरज की तीव्र किरणों से बचने का लोग प्रयास करते नजर आने लगे है। वहीं लोकसभा चुनाव की गर्मी का परा न जाने क्यों ठंडा नजर आ रहा है। अभी तक क्षेत्र में बड़े नेताओं उम्मीदवारों की सभा हुई है। चुनावी कार्यालय भी नहीं खुले। इस कारण भले ही गर्मी का पारा बढ रहा हो परंतु राजनैतिक गतिविधियां ठंडी बनी हुई है। भाजपा की मतों की बड़ी बढ़त और कांग्रेस की करारी पराजय और प्रधानमंत्री मोदी भाजपा के पक्ष में मतदाताओं का मन और समर्थन महत्वपूर्ण कारण हो सकता है। राजनैतिक दलों में मैदानी बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की उदासीनता से मतदान प्रतिशत कम होने का कारण भी बन सकता है।

Run by Aditya Shiksha Samiti
PRESTIGE COLLEGE, VIDISHA
(Affiliated by Barkatullah university, Bhopal)
Recruitment walk in Interview
Applications from trained and experienced Candidates with good Academic record and excellent communication skills are invited for the following posts under the code 28 of the university.
▪ Principal ▪ Asst. professor- History, Economics, Sociology ▪ Asst. professor- computer/Management/Accounts ▪ Computer Lab in charge-/Lab Assistant ▪ Office Executive/Accountant ▪ Peon ▪ Marketing executive 2
Qualification and salary as per UGC norms
NET/SLET/PHD
Interested candidates can walk in interview along with Resume, testimonial and 2 Passport size Photograps at-
CITY OFFICE: Plot No. 2. Yuvraj Club Road, Behind Arsh Palace, Near Railway Station Platform No. 4. Vidisha (M.P.)
Interview date 06/04/2024
B.A./B.Com (Plane/Com.) में Admission के लिए संपर्क करें।
SC/ST/OBC के सभी छात्रों को स्कॉलरशिप उपलब्ध हैं E-mail. prestige.vidisha@gmail.com
7587512000

## रायसेन जिले की रेत खदान बंद फिर भी जारी रेत का खेल

# प्रशासन की नाक के नीचे जारी है रेत का अवैध परिवहन व विक्रय

- अधिकारी कहते है खनिज विभाग के साथ मिलकर करेगें कार्वाही
- नगर के बस् टैंड के समीप रेत की ट्रालियां खड़ी रहती है दिन भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

रायसेन जिले की रेत खदान बंद होने के बाद भी रेत का परिवहन व विक्रय लगातार जारी है प्रति दिन अनेको की संख्या में रत से भरी ट्रालियां तहसील मुख्यालय सिलवानी में विक्रय के लिए आती है। रेत से भरी इन इन ट्राली वालो के पास ना तो रायल्टी होती है और ना ही किसी तरह की प्रशासनिक अनुमति। इसके बावजूद भी अवैघ रूप से रेत का काला कारोबार खुलेआम किया जा रहा है ।

अवैध रुप से लाई जा रही रेत का धड़ल्ले से कारोबार होने से प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका पर भी सवालिया निशान लग रहे है कि कही ना कहीं प्रशानिक अधिकारियों की मूक सहमति की बात सामने आ रही है।

### ट्रालियो में भर कर लाई जा रही है रेत, लेकिन प्रषासन को दिखाई नही देती अवैध रेत से भरी खड़ी ट्रालियां




**रेत खदान बंद लेकिन जारी है रेत का परिवहन**

*एनजीटी के द्वारा रेत खदानो से रेत निकालने, विक्रय करने व परिवहन किए जाने पर रोक लगा दी है, लेकिन रोक के बाद भी रेत माफिया अधिकारियों को चुनौती देकर लगातार रेत का परिवहन व विक्रय कर रहे है। हालांकि प्रशासनिक अधिकारियो के द्वारा रेत के अवैध परिवहन व विक्रय पर कार्वाही ना होने से रेत माफियाओ को लेकर प्रशासन की भूमिका पर सवालिया निशान लगाए जा रहे है। खनन माफियाओं पर कार्वाही किए जाने के दावे भी झूंठे सावित हो रहे है।*

रेत का अवैध परिवहन सिलवानी में लगातार जारी है लेकिन यहां जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई नहीं करते हैं। बड़े पैमाने पर रेत का अवैध रुप से परिवहन किया जा रहा है रेत का बड़े पैमाने पर परिवहन होने के बाद भी माइनिंग विभाग, पुलिस, राजस्व विभाग के जिम्मेदार अधिकरी मूक दर्शक बने हुए है। अधिकारियों की लापरवाही से अवैध रेत का काला कारोबार धड़ल्ले से बगैर रोक टोक के जारी है। अवैध रुप से ट्रालियों में ओवरलोड रेत भर कर लाई जा रही है। रेत माफिया ट्राली में रेत भरकर अवैध परिवहन कर रहे हैं।

रेत माफिया अवैध रुप से रेत भरकर खुले आम धडल्ले से विक्रय कर रहे है। अवैध रुप से रेत का परिवहन होने से ना केवल शासन को राजस्व की हानि हो रही है बल्कि रेत माफियाओं के होंसलें भी बुंलद हो रहे है। ट्राली में रेत भर कर लाने माफियाओं के पास रायल्टी भी नहीं होती हैं बगैर रायल्टी के आने वाली रेत से भरी ट्राली चोरी छिपे लाई जाकर खुल आम नगर में विक्रय की जा रही है।

#### अधिकारी बने मूक दर्शक

अवैध रुप से बगैर रायल्टी के ओवरलोड रेत भर कर लाने वाले रेत माफिया अफ्सरो को खुली चुनौती दे रहे है। मुख्य मार्ग से निकल कर नगर की गलियो में रेत का विक्रय किया जा रहा हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी अवैध रेत माफियाओं पर कार्वाही करने की बजाय मूक दर्शक बने हुए है। अधिकारियों के द्वारा कार्वाही नही किए जाने से माफियाओ के हौसंले बुलंद हो रहे है। बल्कि अफसरों की कार्य प्रणाली पर भी सवालिया निशान लग रहे है। साथ ही अधिकारियों की कार्यशैली भी कार्यवाही के अभाव में संदिग्ध नजर आ रही है।

#### अवैध रूप से हो रहा रेत का परिवहन

नगर में इन दिनों रेत का अवैध परिवहन बड़े पैमाने पर चल रहा है। लेकिन प्रशासनिक अधिकारी और खनिज विभाग के अफ्सर चुप्पी साधे हुए है। नगर के बीचों से निकले स्टेट हाईवे 44 से इन दिनो रेत से भरे ओवरलोड ट्रक एवं ट्राली बडी संख्या में गुजर रहे है।

#### खनिज के साथ करेगें कार्वाई

*रेत के अवैध कारोबार की जानकारी मिली है। खनिज विभाग के साथ मिल कर अवैध रेत का परिवहन करने वालों पर कार्वाही की जाएगी।*

*- प्रकाश नायक, एसडीएम सिलवानी।*

#### अधिकारियों के सामने से निकल रही ट्रॉली

*अवैध रूप से ट्रक एवं ट्राली अधिकारियों के सामने से ही आवागमन होते हैं लेकिन आज दिन तक किसी भी अधिकारी ने उन्हें रोककर जानकारी नहीं ली ना ही उन पर रोका किसी प्रकार की कार्यवाही की। रेत से भरे डंपर, ट्रालियां आदि वाहन थाना, तहसील, एसडीएम कार्यालय के सामने से बेखौफ निकलते है। लेकिन अधिकारियो के द्वारा कार्वाही किए जाने में गंभीरता नहीं दिखाई जा रही हैं। फलस्वरुप अधिकारियों की कार्यप्रणाली सवालो के घेरे में आती जा रही है कि आखिर रेत के अवैध परिवहन पर प्रशासन कार्वाही क्यों नहीं कर रहा है, क्या अवैध परिवहन करने वालो को बचाया जा रहा हैं। इस तरह से प्रशासन की भूमिका पर कई संदेह को जन्म दें रही है। जबकि रायसेन जिले सहित अन्य तहसीलों में लगातार रेत माफियाओं के खिलाफ कार्वाई जारी है।*

---

## खबर संक्षेप

### ज्ञान सागर मिडिल स्कूल में मनाया प्रवेश उत्सव

**सिलवानी।** नगर के प्रतिष्ठित ज्ञान सागर मिडिल स्कूल सिलवानी में नए सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। साथ ही बार्षिक परिणाम भी घोषित किया गया। संस्था के संचालक श्री प्रदीप कुशवाहा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बच्चों को तिलक लगाकर अगली कक्षा में प्रवेश कराया गया। संस्था प्रमुख प्रदीप कुशवाहा द्वारा सभी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना के साथ शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर अभिभावकों सहित स्टॉफ, बच्चे उपस्थित रहे।

### लोकसभा चुनावः जिले में दो चरणों में होगा मतदान

**रायसेन।** लोकसभा निर्वाचन अनुसार रायसेन जिले में द्वितीय चरण और तृतीय चरण में मतदान सम्पन्न होना है। संसदीय क्षेत्र-17 होशंगाबाद में शामिल जिले के उदयपुरा विधानसभा में 26 अप्रैल को मतदान होगा। इसी प्रकार संसदीय क्षेत्र विदिशा में शामिल जिले के विधानसभा क्षेत्र सांची, सिलवानी और भोजपुर में 7 मई को मतदान होगा। जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुचितापूर्ण सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग की गाईडलाइन अनुसार कार्यवाहियां की जा रहीं हैं।

### मतदाता जागरूकता हेतु गतिविधियां आयोजित

**रायसेन।** मंगलवार को उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा सहायिकाओं द्वारा महिलाओं को लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। संसदीय क्षेत्र-17 होशंगाबाद में शामिल उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान होना है। इसी प्रकार भोजपुर विधानसभा के बाड़ी विकासखण्ड के ग्राम गोल में स्व-सहायता समूहों की दीदियों द्वारा घर-घर जाकर महिलाओं को आगामी 07 मई को मतदान केन्द्र जाकर मतदान करने का संकल्प दिलाया। औबेदुल्लागंज में भी नगर परिषद द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूकता गतिविधियां आयोजित हो रही है।

---

### ईवीएम स्ट्रांग रूम तथा निर्वाचन शाखा का किया गया निरीक्षण

# कलेक्टर- एसपी ने चुनावी तैयारियों एवं प्रथम प्रशिक्षण का लिया जायजा





#### ईवीएम स्ट्रांग रूम, उपकोषालय स्ट्रांग रूम के साथ ही निर्वाचन शाखा का भी किया निरीक्षण

*कलेक्टर श्री दुबे तथा एसपी विकास शहवाल द्वारा शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बरेली पहुंचकर उदयपुरा विधानसभा के ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इसके उपरांत उन्होंने तहसील कार्यालय बरेली में उपकोषालय स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। तहसील कार्यालय में ही स्थित निर्वाचन शाखा का भी निरीक्षण कर कलेक्टर श्री दुबे ने निर्वाचन संबंधी कार्यवाहियों तथा तैयारियों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों, कर्मचारियो को दिशा-निर्देश दिए।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में लोकसभा चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों को प्रथम प्रशिक्षण सभी विकासखण्ड मुख्यालयों पर 1 से 3 अप्रैल तक दिया जा रहा है। मंगलवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे तथा पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल द्वारा उदयपुरा पहुंचकर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पीठासीन और मतदान अधिकारियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया।

इसके पश्चात उन्होंने विधानसभा क्षेत्र क्र-140 उदयपुरा के ईवीएम स्ट्रांग रूम शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बरेली तथा तहसील कार्यालय बरेली में उपकोषालय स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर श्री दुबे द्वारा तहसील कार्यालय बरेली में निर्वाचन शाखा का भी निरीक्षण कर निर्वाचन कार्यवाहियों की जानकारी लेते हुए दिशा-निर्देश दिए।

#### प्रशिक्षण में ही कर लें समस्त शंकाओं का समाधानः कलेक्टर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन और मतदान अधिकारियों से कहा कि वह पूरी लगन और निष्ठा से प्रशिक्षण प्राप्त करें। मतदान प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण रूप से सम्पन्न कराने में मतदान दलो की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए मतदान दलों को निर्वाचन प्रक्रिया का पूर्ण ज्ञान होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों तथा गाइडलाइन का सभी भली-भांति अध्ययन कर लें तथा किसी भी प्रकार की शंका या समस्या होने पर प्रशिक्षण के दौरान ही समाधान कर लें। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि वह ईवीएम की कार्यप्रणाली, संचालन संबंधी प्रशिक्षण पूरे मनोयोग से प्राप्त करें।

#### प्रथम प्रशिक्षण में प्रदान की मतदान संबंधी जानकारियां

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों को उनके कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व, मतदान केंद्र पर एक दिन पूर्व की जाने वाली कार्यवाही, मतदान के पूर्व की तैयारी एवं मॉकपोल, मॉकपोल का क्रम, मॉकपोल के दौरान मशीनों का परिवर्तन, मॉकपोल के पश्चात मशीनों की सीलिंग, वास्तविक मतदान प्रारंभ, मतदान केन्द्र में प्रवेश हेतु अनुमत्त व्यक्ति, मतदान केंद्र पर मतदाताओं के प्रवेश का विनिमय, मतदान केंद्र और आस पास निर्वाचन विधि का प्रवर्तन, मतदान प्रक्रिया, मतदान कें दौरान की विशेष स्थितियां, बैटरी का विस्थापन, मतदान समाप्ति पर कार्यवाही, निर्वाचन अभिलेख तैयार करना एवं पैकिंग, बुकलेट प्रपत्र आदि की जानकारी दी गई।

---

# ट्रैन की चपेट से बुज़ुर्ग की मौत, नहीं हुई शिनाख्त

### पहचान के लिए शव मर्चुरी रूम में रखवाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर।

सोमवार मंगलवार की दरमियान रात्रि में सलामतपुर स्टेशन के अंतर्गत लांबाखेड़ा के पास एक अज्ञात बुजुर्ग की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई है। बुजुर्ग धोती कुर्ता पहने हुए हैं। वहीं ट्रेन कटिंग से उनका चेहरा पूरी तरह से कुचल गया है। जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है।

सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि सलामतपुर स्टेशन मास्टर ने मेमो भेजकर सूचना देते हुए बताया कि लांबाखेड़ा के पास खंबा नम्बर 868/14/16 के डाउन ट्रेक रेलवे लाइन पर किसी बुजुर्ग की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है।

सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचे और शव को रेलवे लाइनों के बीच से हटवाकर सांची स्वास्थ्य केंद्र के मर्चुरी रूम में रखवा दिया है। वहीं सलामतपुर पुलिस ने मर्ग क्रमांक 14/24 का मामला दर्जकर जांच में ले लिया है।

#### नहीं हुई 75 वर्षीय बुज़ुर्ग की पहचान

*ट्रेन की चपेट में आने से जिस 75 वर्षीय बुज़ुर्ग की मौत हुई है। उसकी अभी तक पहचान नही हो सकी है। ये धोती कुर्ता पहने हुए हैं। वहीं बुज़ुर्ग के पास से कोई भी ऐसा डॉक्यूमेंट नही मिला है जिससे उसकी पहचान हो सके और अभी यह भी पता नही चला है कि बुज़ुर्ग ने ट्रेन के आगे आकर आत्महत्या की है या ट्रेन से गिरकर या टकराकर उसकी मौत हुई है। यह कह पाना भी अभी मुश्किल है। इस घटना की विवेचना के बाद ही मौत का सही कारण पता चल पाएगा।*

#### स्टेशन पर नहीं रहते आरपीएफ के जवान

*सलामतपुर स्टेशन पर रेलवे पुलिस के आरपीएफ या जीआरपी के जवान मौजूद नही रहते हैं। जबकि यह स्टेशन दिल्ली मुंबई मेन रेलवे ट्रेक के बीच में पड़ने वाला स्टेशन है।यहां पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। जब कभी कोई ट्रेन से कट जाए या आत्महत्या कर ले। उस समय भी रेलवे पुलिस भोपाल या विदिशा से मोके पर आती है। जिसमें काफी समय लग जाता है। और इतने समय तक शव रेलवे लाइनों पर ही पड़ा रहता है। वहीं आसपास बस्तियों के ग्रामीण भी अपनी जान जोखिम में डालकर ट्रेन के नीचे से निकलते हैं। इतना सब होने के बाद भी रेलवे विभाग का रवैया गैरजिम्मेदाराना बना हुआ है।*

---

# रेलवे स्टेशन दिनभर पड़ा रहता है सन्नाटा

- होटल व रेस्टोरेंट भी पड़े रहते है बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज




सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले दीवानगंज रेलवे स्टेशन पर 3 साल से ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं है। रेलवे स्टेशन दीवानगंज पर दिन भर सन्नाटा पसरा रहता है।

स्टॉपेज नहीं होने के कारण रेलवे स्टेशन पर लगी किराने की दुकान, चाय की होटल, नाश्ते की दुकान पूर्ण रूप से बंद हो चुकी है। दुकान बंद होने के कारण कई ग्रामीण बेरोजगार हो गए हैं। अब उनके सामने अपने घर का खर्चा चलाना मुश्किल हो गया है।

दीवानगंज रेलवे स्टेशन के आसेपास के 25 गांव में एक रेलवे स्टेशन दीवानगंज ही पड़ता है दीवानगंज रेलवे स्टेशन में ट्रेनों का स्टॉपेज ना होने के कारण दीवानगंज रेलवे स्टेशन के आसपास लगी सभी प्रकार की दुकानें पूर्ण रूप से बंद हो चुकी है। रेलवे स्टेशन दीवानगंज पर सुबह की टाइम एक ट्रेन रूकती है शाम को एक ट्रेन रकती है। इसके अलावा पूरे दिन रेलवे स्टेशन पर सन्नाटा पसरा रहता है। पहले आने जाने में 6 ट्रेन रुकती थी अब वह बंद कर दी गई है।

ग्रामीण वासियों ने मिलकर रेलवे प्रशासन को कई बार आवेदन दिया है मगर रेलवे प्रशासन दीवान गंज रेलवे स्टेशन पर ध्यान नहीं दे रहा है इस कारण ग्रामीणों में रोष व्याप्त हैं। होटल लगाने वाले राशिद खान, सलमान खान, मुकेश लोधी, नवाब खान आदि ग्रामीणों की दुकान रेलवे स्टेशन दीवानगंज पर ट्रेन नहीं रुकने के कारण इन लोगों ने अपनी दुकान बंद कर दी है।

# गायत्री मंदिर से माता की बिंदिया हुई चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम सेमरा में अज्ञात चोरों द्वारा मंदिर से माता की बिंदिया चोरी कर ले गए। ग्राम सेमरा के मेला ग्राउंड में गायत्री मंदिर बना हुआ है। इस मंदिर में राम, सीता, लक्ष्मण हनुमान जी और गायत्री जी की मूर्ति विराजमान है। दिन के समय एक सवारी ऑटो से कुछ लोग मंदिर मैं दर्शन करने आए थे। मंदिर प्रांगण में घूम फिर कर दर्शन किए इसके बाद वहां से सवारी ऑटो चला गया।

जब पुजारी ने देखा कि गायत्री माता के सर पर सोने की बिंदिया नहीं है तब पता चला कि कोई अज्ञात चोर माता की बिंदिया चोरी कर रफू चक्कर हो गया। पुजारी ने सभी ग्रामीणों को चोरी की घटना के विषय में बताया।

सभी ग्रामवासी और सेमरा के सरपंच भानु लोधी द्वारा दीवानगंज चौकी पर चोरी के विषय में शिकायती आवेदन दिया गया। आवेदन पर एएसआई आरएस दांगी द्वारा मंदिर का मुआयना किया गया।

एएसआई बीएस दांगी ने बताया कि सेमरा के गायत्री मंदिर में विराजमान गायत्री माता पर तीन मंगलसूत्र, एक हाय, चांदी का मुकुट, कमर में चांदी का गुच्छा , सर पर सोने की बिंदिया आदि ग्रामीणों ने पहना रखा हुआ था। इसमें से केवल माथे की बिंदिया नहीं है। चोरी का शिकायती आवेदन आया है इस पर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

ग्रामीण ने जो बाहर से ऑटो में दर्शन करने आए हुए थे उनके फुटेज भी दिए गए हैं। सवारी ऑटो से जो लोग दर्शन कर रहे थे उनके फोटो वहां पर लगे कैमरे में कैद हो गए हैं। आगे की जांच जारी है।

---

### बहुत ही संघर्षशील शिक्षकों में शामिल है नाम

# शासकीय मिडिल स्कूल की उच्च श्रेणी शिक्षिका को रिटायरमेंट पर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसलामतपुर




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलामतपुर में उच्च श्रेणी शिक्षिका की सेवानिवृत्त पर विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाला के उच्च श्रेणी शिक्षिका के पद पर पदस्थ मीरा मिश्रा सेवानिवृत हो गई हैं। वह सलामतपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उच्च श्रेणी शिक्षिका के पद पर 2014 से पदस्थ थीं। उन्होंने स्कूल में लगभग दस वर्षों तक सेवाएं दी हैं।

उनके द्वारा पढ़ाए गए कई छात्र-छात्राएं उच्च पदों पर पदस्थ हैं। उनका नाम बहुत ही संघर्षशील शिक्षकों में आता है। उन्होंने अपने पद पर रहते हुए कई शासकीय दायित्वों का वखूबी निर्वहन किया। जिसके लिए उनको कई बार वरिष्ठ अधिकारियों से प्रमाण पत्र प्राप्त हुए। उनका विदाई समारोह स्कूल परिसर में ही आयोजित किया गया। जिसमें स्कूल के बच्चों सहित स्कूल के समस्त स्टाफ ने मिलकर उनको पुष्प गुच्छ, हार माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल के प्राचार्य अक्षय गोयल, लीलाकिशन मीणा, रश्मि चक्रधर, रागनी त्रिपाठी, अशोक साहू, सुरेश मेहरा,अनिता रानी, रेनू भार्गव, शालिनी भावसार, मनोज वर्मा, कल्याण सिंह जनशिक्षक, एएन राय, निज़ाम अहमद कुरेशी, सुनीता सैनी, कीर्ति सक्सेना, खालको सर, मंगल दास, सरवेश पाटिल, देवेंद्र साहू, सुरभि गिरी, सलाम मंसूरी यशोदा मेहर, प्रियंका तिवारी सहित स्कूल के स्टॉफ व परिवार जन एवं ग्रामीण जन मौजूद थे।

### एफसीआई टीम ने गेंहू की क्वालिटी चेक कर किसानों से की चर्चा

# दिल्ली से आई टीम ने गेंहू खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर



भारत सरकार दिल्ली एफसीआई से आई टीम और जिले की टीम ने सलामतपुर क्षेत्र के सुकासेन, अर्बन वेयरहाउस बेरखेड़ी चौराहा और सलामतपुर के सरकारी वेयरहाउस गेंहू खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने मिट्टी वाले गेंहूँ को खरीदने से सख्ती के साथ मना कर दिया है। उन्होंने अपनी उपज बेचने आए ढकना, कचनारिया, कटसारी गांव के किसानों की गेंहू पिसी की क्वालटी चेक कर उनसे चर्चा भी की। वहीं दिल्ली से आए टीम के दिनेश जाखर और आशीष गाउरी ने खरीदी केंद्र पर पंखा रखवाने के निर्देश केंद्र प्रभारी को दिए हैं। ताकि किसान अपनी उपज साफ करके बेच सके।

निरीक्षण टीम में रायसेन खाद्य विभाग से जिला मैनेजर राजू कटुलकर, जिला सहकारी बैंक से आकाशदीप चौहान, नान से अंकित जायसवाल, सलामतपुर समिति प्रबंधक कुंवर सिंह दांगी, सरकारी वेयरहाउस विदिशा रायसेन के विवेक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

#### 3600 क्विंटल गेहूं की हुई तुलाई

जिले भर में कहने को तो 63 खरीदी केंद्र बना दिए गए हैं, लेकिन इनमें से सलामतपुर के दो केंद्रों पर ही गेहूं की तुलाई हो पाई है। इनमें से कृषक सेवा सहकारी समित सलामतपुर के सुकासेन द्वारा 3200 क्विंटल और सलामतपुर के सरकारी वेयर हाउस में बनाए गए खरीदी केंद्र पर महज 400 क्विंटल गेहूं की तुलाई हुई है। 2 अप्रैल तक की स्थिति में इन दो केंद्रों पर ही गेहूं की तुलाई हो पाई है। हालांकि प्रशासन अपने स्तर पर केंद्र बनाने में जुटा हुआ है। जिले में 175 खरीदी केंद्र बनाए जाना है। जो केंद्र बनाए जा चुके हैं, वहीं से किसान गेहू तुलवाने के लिए अपने स्लॉट बुक करा सकते हैं।

#### 27 गांव के 1400 किसानों का हुआ है पंजीयन

20 मार्च से सभी खरीदी केंद्रों पर तुलाई मशीनों की विधिवत पूजा अर्चना कर खरीदी का शुभारंभ तो कर दिया गया है। लेकिन अभी भी अमूमन सभी खरीदी केंद्र पर किसान गेंहू की उपज बेचने कम ही संख्या में पहुंचे रहे हैं। वहीं कई किसानों की टैक्निकल इरर की वजह से तुलाई नही हो पा रही है। सलामतपुर सहकरी समिति अंतर्गत 27 गांव के लगभग 1400 किसान पंजीयन हुए हैं और दो खरीदी केंद्रों जिनमें एक सरकारी वेयरहाउस व दूसरा सुकासेन में बनाया गया है।

वहीं इस वर्ष सरकारी समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी का मूल्य 2275 रुपए और 125 रुपए बोनस मिलाकर 2400 रुपए रखा गया है।